Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Railway services in Azamgarh.

श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' (आज़मगढ़) : धन्यवाद माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल के दौरान बोलने का अवसर दिया ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने आजमगढ़-गोरखपुर-वाराणसी नई रेल लाइन की जो स्वीकृति दी है, उसमें थोड़ी तेजी लाई जाए ताकि इसका काम जल्दी हो जाए ।

चूंकि आजमगढ़ के लोग देश के अलग-अलग हिस्से में काम करने के लिए जाते हैं, इसलिए आजमगढ़ से मुम्बई गोदान एक्सप्रेस को प्रतिदिन कर दिया जाए, आजमगढ़ से लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाई जाए, आजमगढ़ से हावड़ा ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए, लखनऊ-प्रयागराज को आजमगढ़ से जोड़ा जाए, लोकमान्य तिलक से आजमगढ़ साप्ताहिक गाड़ी का परिचालन प्रतिदिन किया जाए और वाराणसी से लोकमान्य तिलक तक चलने वाली गाड़ी को वाया मऊ आजमगढ़ चलायी जाए । कोरोना काल में जो ट्रेन्स बंद हो गई हैं, उनका परिचालन भी पुन: शुरू किया जाए ।

माननीय सभापति जी, मैंने अपनी बात कह दी है । आप उस दिन गाना सुनना चाह रहे थे ।

माननीय सभापति : नहीं-नहीं, वह ठीक है ।

श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' : इसलिए मैं दो लाइनें कहना चाहता हूँ, आपने उस दिन मुझे बोलने नहीं दिया था ।

माननीय सभापति : जी-जी ।

श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' : माननीय सभापति महोदय,

अहीर रेजिमेंट बनवा दीजिए,

हम मेडल से झोली भर देंगे और

गोली कहीं भी आएगी,

हम सीना आगे कर देंगे ।

माननीय सभापति : श्री कराडी संगन्ना अमरप्पा – उपस्थित नहीं ।